**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1228**

**गुरूवार, 1 अगस्त, 2024 / 10 श्रावण, 1946 (शक)**

**तेलंगाना में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल हेतु प्रस्ताव**

**1228. श्री रविचंद्र वद्दीराजू:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तेलंगाना के सिरसिला में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए तेलंगाना सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे अनुरोध पर कोई निर्णय लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार का क्या रुख है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): तेलंगाना के सिरसिला में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए तेलंगाना सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****